International Journal for Multidisciplinary Research (IJFMR)
E-ISSN: 2582-2160 ● Website: www.ijfmr.com ● Email: editor@ijfmr.com

# भारत का कोलोंबिया एवं हैती के साथ संबंधों की निरंतरता एवं परस्पर सहयोग का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**डॉ. रवि कुमार**

**Abstract**

इस शोध पत्र में लैटिन अमेरिका के दो देशों– कोलोंबिया एवं हैती के साथ भारत का राजनैतिक/राजनयिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, अकादमिक संबंधों के निरंतरता की आयामों को देखने का प्रयास किया जाएगा। कोलोंबिया में परिवर्तनशील राजनैतिक परिदृश्य/नेतृत्व से विश्व में इस देश की राजनैतिक उपस्थिति की महत्ता को देखना भी 21 वीं सदी के दौर में एक विशेष महत्व रखता है। ऐसी स्थिति में भारत का कोलोंबिया के साथ परस्पर संबंध भी रोचकपूर्ण/विशेष समझ का द्योतक है। भारत का हैती के साथ संबंध भी एक विशेष महत्व का है। भारत हैती को शांति एवं सुरक्षा स्थापना के लिए सहयोगात्मक रवैया बनाए रखा है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों में हैती ने भारत को राजनयिक स्तर पर सहयोग किया है।

## भारत – कोलोंबिया संबंध

भारत और लैटिन अमेरिका का देश कोलोंबिया के बीच राजनैतिक संबंध की निरंतरता वर्ष 1995 से प्रतीत होता है जब भारतीय प्रधानमंत्री श्री पी. वी. नरसिम्हा राव NAM सम्मेलन में भागीदारी हेतु कोलोंबिया गए।[1iii] राजनैतिक संबंध और अधिक गहरा हुआ जब कोलोंबिया के विदेश मंत्री डॉ. रोद्रीगो पार्दो गार्सिया पेन्या NAM के मंत्री स्तरीय बैठक हेतु वर्ष 1997 में भारत आए। इस तरह के परस्पर विशेष कदम से दोनों देशों के बीच का आकर्षण और बढ़ा जब पहली बार वर्ष 2001 में कोलोंबिया के पदासीन राष्ट्रपति आंद्रेस पास्त्राण्या आरांगो (Andrés Pastrana Arango), 2003 में विदेश मंत्री एवं 2004 में विदेशी मामलों के उपमंत्री का भारत आगमन हुआ। भारत से विदेश राज्य मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह वर्ष 2004 में कोलोंबिया गए। इन वर्षों में कई आधारभूत अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए यथा- 1995 में वार्षिक विदेशी परामर्श कार्यालय के लिए, 2001 में अकादमिक सहयोग के लिए एवं राजनयिक व आधिकारिक पासपोर्ट धारक के लिए वीजा छूट के लिए, 2002 में सोलर ऊर्जा एवं सूचना प्रौधोगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए। (eoibogota.gov.in एवं mea.gov.in)

ऐसा प्रतीत होता है कि इन राजनैतिक/राजनयिक भेंट वार्ता/सहयोग/अनुबंध ने व्यापारिक संबंध के लिए आधारशिला तैयार की। भारत एवं कोलोंबिया के बीच उच्च स्तरीय पदासीन व्यक्तियों के परस्पर आवागमन से गहरे संबंध स्थापित हुए। इस क्रम में कोलोंबिया से वर्ष 2007 में वहाँ के रक्षा मंत्री, 2008 में वाणिज्य, उद्योग एवं पर्यटन मंत्री, 2009 में ऊर्जा एवं खनन मंत्री, विदेश मंत्री के साथ वाणिज्य, उद्योग एवं पर्यटन मंत्री, विदेशी मामलों के उपमंत्री का आगमन हुआ। इस दौरान वर्ष 2005 में विज्ञान एवं प्रौधोगिकी सहयोग, 2007 में शहरी सार्वजनिक

[1] इस संबंध में उल्लेखनीय है कि वर्ष 1968 में भारतीय प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी कोलोंबिया गई थी। जिसके पश्चात वर्ष 1972 में कोलोंबिया ने भारत में दूतावास स्थापित किया। (mea.gov.in)

परिवहन तंत्र एवं शहरी परिवहन योजना पर सहयोग, 2008 में हाइड्रो कार्बन सहयोग, 2009 में बांस संबंधी शोध एवं विकास, रक्षा सहयोग, द्विपक्षीय निवेश संवर्धन एवं सुरक्षा पर सहयोग करने पर दोनों देशों के बीच सहमति बनी। वर्ष 2010 से भारतीय उच्चस्तरीय पदासीन मंत्रियों/राजनयिकों के दौरा में तेजी आई। वर्ष 2010 में विदेश राज्य मंत्री एवं शहरी विकास राज्य मंत्री, 2011 में खनन राज्य मंत्री एवं दो सचिव पद पर कार्यरत व्यक्ति एवं 2012 में दो राज्य मंत्री कोलोंबिया गए। कोलोंबिया से भी लगातार उच्च स्तरीय आगमन होता रहा यथा- वर्ष 2010 में वहाँ के उप राष्ट्रपति फ्रांसिस्को सांतोस (Francisco Santos), 2011 व 2012 में उप विदेश मंत्री, 2013 में व्यापार विकास के उप मंत्री एवं सूचना प्रौधोगिकी मंत्री। इस समयान्तराल में वर्ष 2010 में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग एवं व्यापार विकास सहयोग पर अनुबंध, 2011 में दोहरे कराधान से बचाव एवं राजकोषीय घाटे की रोकथाम में सहयोग; इसी वर्ष भूविज्ञान एवं खनिज श्रोत पर अनुबंध, 2013 में सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौधोगिकी के क्षेत्र में अनुबंध उल्लेखनीय है। (mea.gov.in एवं eoibogota.gov.in)

वर्ष 2014 में मोदी सरकार आगमन के पश्चात संबंधों एवं गतिविधियों में एक नयी गर्माहट देखा गया है। राजनैतिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए कई नए पहल लिए गए। इस क्रम में वर्ष 2014 में पर्यटन सचिव एवं FOC के लिए विशेष सचिव, 2015 में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान के भेंट को प्रमुखता से देखा जा सकता है। इसके बाद 2017 में वाणिज्य सचिव एवं 2018 में विदेश राज्य मंत्री श्री वी. के. सिंह भी कोलोंबिया गए। जबकि कोलोंबिया की ओर से 2017 में विदेश मंत्री, वाणिज्य, उद्योग एवं पर्यटन मंत्री एवं विदेशी मामले के उप मंत्री का भारत आगमन महत्वपूर्ण पहल है। इन वर्षों में 2014 में खेल के क्षेत्र में अनुबंध, 2016 में राजनयिक मिशन के क्षेत्र में सहयोग, 2018 में पर्यटन विकास एवं भारत के पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में अनुबंध प्रमुख है। साथ ही 2018 में दोनों देशों के बीच निवेश संबर्धन एवं सुरक्षा पर सहयोग, सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में सहयोग पर सहमति बनी। इसी वर्ष अंतरिक्ष के क्षेत्र में सहयोग विशेष उल्लेखनीय है; भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने कोलोंबिया के वायु सेना का प्रथम नैनो उपग्रह (Nano Satellite) लॉंच किया। (mea.gov.in एवं eoibogota.gov.in)

**आर्थिक क्षेत्र में परस्पर सहयोग**

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार जारी है। वर्तमान समय तक कोलोंबिया में कई भारतीय कंपनियों यथा – तेल के क्षेत्र में ओ एन जी सी विदेश लिमिटेड, सूचना प्रौधोगिकी के क्षेत्र में- Infosys, TCS, टेक महिंद्रा, आदि, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में- बजाज़, महिंद्रा, TVS, सोनालिका, आदि, दवाइयों के क्षेत्र में – सिप्ला, डॉ. रेड्डी, औरोबिंदो फार्मा, आदि, आधारिक संरचना के क्षेत्र में- जिंदल स्टील, साथ ही कृषि-रसायन, प्लास्टिक एवं पैकिंग, आदि के क्षेत्र में भी कुछ ब्रांड की उपस्थिति है। कोलोंबिया से भारत तेल/खनिज़ ईंधन, लकड़ी के सामान, अल्युमीनियम एवं प्लास्टिक, प्राकृतिक एवं कृत्रिम मोती आदि आयात करता है। वाणिज्य विभाग, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के स्रोत से पता चलता है कि कोलोंबिया से तेल आयात करने में सम्मिलित रहने के कारण वर्ष 2014 तक द्विपक्षीय व्यापार लगातार बढ़ता रहा। वर्ष 2014 में द्विपक्षीय व्यापार USD 4 बिलियन पहुँचा परंतु 2015-16 में तेल का भाव गिरने के कारण द्विपक्षीय व्यापार प्रभावित हुआ। वर्ष 2017 से द्विपक्षीय व्यापार में सुधार देखने को मिलता है। 2018-19 में द्विपक्षीय व्यापार/वाणिज्य 2171.83 USD मिलियन तक पहुंचा। जिसमें भारतीय निर्यात 1116.85 USD मिलियन एवं आयात 1054.98 USD मिलियन था। (वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार)

पिछले कई वर्षों में यह अधिकतम द्विपक्षीय व्यापार/ वाणिज्य रहा। (mea.gov.in एवं eoibogota.gov.in) यह एक रोचक तथ्य है कि वर्ष 2008 में भारतीय वस्तु निर्यात 15.6 USD मिलियन था। (EEPC India 2010)

एक महत्वपूर्ण कदम मेक-इन-इंडिया अभिक्रम के अंतर्गत लिया गया जिसके तहत कोलोंबिया के कई महत्वपूर्ण शहरों यथा – बोगोता, काली, मेदेलीन, पेरेइरा, बार्राकीला, आर्मेनिया, बुकारा, मांजा आदि में व्यापार/वाणिज्य संबर्धन हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष 2019 में आर्थिक/व्यापारिक क्षेत्र में विशेष पहल के लिए 'Commercial and Economic Alliance for Future' व्यापार/वाणिज्य एवं निवेश संबर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया गया। जिससे अच्छे परिणाम आने की संभावना बनती है। भारत ने पर्यटन बढ़ाने के लिए कोलोंबिया में भारत के कई राज्य विशेष पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें पंजाब, गुजरात, तमिलनाडु, आध्र प्रदेश, ओडिशा शामिल है। फलस्वरूप, वर्ष 2019 में लगभग 5000 कोलोंबिया निवासी का भारत आगमन हुआ। जबकि 2017 में लगभग 7950 कोलोंबिया निवासी का पर्यटन, योग, व्यापार, अध्यात्मिकता एवं अध्ययन हेतु भारत आगमन हुआ। (eoibogota.gov.in एवं mea.gov.in)

**कुछ विशेष सांस्कृतिक सहयोग**

दोनों देशों ने परस्पर सांस्कृतिक क्षेत्र में आदान प्रदान कर संबंधों को मज़बूती प्रदान किया है। हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में कोलोंबिया के शहरों में अच्छी भागीदारी होना एक साकारात्मक संकेत है। साथ ही भारतीय पर्व, भारत के महान व्यक्तित्व यथा- गांधी, टैगोर, गुरु नानक के सम्मान में विशेष पहल, अध्यात्मिकता, पारंपरिक संगीत एवं नृत्य में कोलोंबियाई नागरिकों की रुचि सराहनीय है। हाल ही दिसंबर 2017 में कोलोंबिया का नृत्य समूह 'Cacica Ulima' ने चंडीगढ़ में प्रस्तुति दी। भारत की ओर से 2017 में Ray of Wisdom, दिव्य परिवार, भांगरा नृत्य ग्रुप ने कोलोंबिया में प्रस्तुति दी। वर्ष 2019 में अन्वेषा दास, नलिनी एवं कमलिनी, वाणी माधव ग्रुप, वीणा सी. सेषाद्री ने भी कोलोंबिया में प्रस्तुति दी। वर्ष 2018 में 'गांधी @150' के अंतर्गत कोलोंबिया में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी वर्ष गुरु नानक देव जी के 550 वें जन्म वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके साथ अकादमिक क्षेत्र में भी कई परस्पर सहयोग जारी है। यथा – भारत द्वारा भारतीय नृत्य एवं संगीत अध्ययन हेतु ICCR स्कॉलर्शिप एवं कोलोंबिया द्वारा 2017-18 में भाषा सहायक एवं पर्यटन गाइड के लिए स्पेनिश शिक्षण के लिए स्कॉलर्शिप। (mea.gov.in एवं eoibogota.gov.in)

## भारत - हैती संबंध

भारत एवं हैती के बीच राजनयिक संबंध वर्ष 1996 में स्थापित हुआ जबकि वर्ष 1995 में भारत ने संयुक्त राष्ट्र (United Nations) के शांति मिशन के तहत पुलिस सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 140 CRPF (केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल) के सिपाहियों को भेजा था। पुनः वर्ष 2008 में संयुक्त राष्ट्र के MINUSTAH मिशन के अंतर्गत हैती में सुरक्षित वातावरण स्थापना में सहयोग हेतु लगभग 500 सिपाही (बीएसएफ़, CISF, असम राइफल्स) को तैनात किया गया था, जो वर्ष 2019 तक वहीं रहे जबकि वर्ष 2017 में इसे कम किया गया था। उत्तर में हैती सरकार ने अंतरराष्ट्रीय न्याय कोर्ट, IMO, यूनेस्को, WCO, आदि में भारतीय उम्मीदवार को चुनाव में समर्थन किया। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध पिछले एक दशक से उत्तरोत्तर बढ़ता ही रहा है।

*हैती की ओर से उच्च स्तरीय दल* (सहयोग, सहमति, अनुबंध हेतु) का भारत आगमन

2014- अर्थ एवं वित्त मंत्री (वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री से भेंट वार्ता)

2015- स्वास्थ्य मंत्री (भारत के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से भेंट वार्ता)

*भारत की ओर से उच्च स्तरीय दल* (सहयोग, सहमति, अनुबंध हेतु)

2010 – विदेश राज्य मंत्री

2018 – सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री

**महत्वपूर्ण सहयोग**

2006-07 से ITEC कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण

2007 – US $ 50,000/- की दवाइयाँ (हरीकेन NOEL से राहत हेतु)

2008 – र 10 मिलियन (हरीकेन Fay, Gustav, Hanna एवं Ike से राहत हेतु)

2010 - US $ 5 मिलियन

(mea.gov.in, eoi.gov.in/havana)

वाणिज्य विभाग, वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार दोनों देशों के बीच 2010-11 में व्यापार US $ 61.87 मिलियन था जो वर्ष 2014-15 में US $ 87.02 मिलियन एवं वर्ष 2018-19 में US $ 93.10 मिलियन पहुँचा। (वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार) भारत हैती को कपड़े, दवाइयाँ, प्लास्टिक एवं रबड़ उत्पाद, आदि निर्यात करता है। आर्थिक संबंधों को विस्तारित करने की प्रक्रिया जारी है।

**निष्कर्ष :**

भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के 'FOCUS LAC' कार्यक्रम के पहले से ही कोलोंबिया के साथ संबंधों की निरंतरता को देखा जा सकता है। राजनैतिक संबंधों की निरंतरता, व्यापारिक/वाणिज्यिक समूहों की लगातार परस्पर भेंट वार्ता एवं सांस्कृतिक व अकादमिक क्षेत्र में परस्पर भागीदारी से भारत एवं कोलोंबिया के बीच एक गहरा संबंध स्थापित हुआ है। पिछले 20-25 वर्षों में आर्थिक संबंध दृढ़ होने का प्रमाण मिलता है। आर्थिक क्षेत्र में EEPC, TEXPROCIL, EPCH, CHEMEXIL, Electronic and Software Council, सी आई आई, AEPC आदि के पहल ने द्विपक्षीय व्यापार/वाणिज्य को बढ़ाने में विशेष भूमिका अदा की है। (eoibogota.gov.in) विगत वर्षों में सांस्कृतिक एवं अकादमिक क्षेत्र में भी परस्पर सहयोग की निरंतरता बनी रही। भारत का हैती के साथ राजनयिक संबंध निरंतरता में है। व्यापारिक संबंध भी लगातार बढ़ता ही रहा है। भविष्य में भारत का कोलोंबिया एवं हैती के साथ संबंध और अधिक विस्तारित होने की संभावना है, ऐसा प्रतीत होता है।

**संदर्भ :**

1. Badri-Maharaj, Sanjay (April 2017). *India's relations with the Latin America-Caribbean Region Prospects and Constraints*, New Delhi: Institute for Defense Studies and Analyses. Extracted from https://idsa.in/system/files/opaper/op_45_latin-america-caribbean-region_0.pdf
2. Shidore, Sarang (2013). *New Frontiers in South-South Engagement Relationship between India and Latin America & the Caribbean*, New Delhi: Indian Council of World Affairs. Extracted from https://www.icwa.in/WriteReadData/RTF1984/1498127834.pdf
3. https://www.eoibogota.gov.in/page/india-colombia/, extracted on 13 April 2021
4. https://www.cancilleria.gov.co/content/joint-statement-india-and-colombia-visit-foreign-minister-colombia-india, extracted on 13 April 2021
5. https://commerce.gov.in/international-trade/trade-promotion-programmes-and-schemes/international-trade-focus-lac/

6. https://mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Colombia_dec_2018.pdf
7. https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/India_-Colombia__se_2019f.pdf
8. https://www.eepcindia.org/download/150330125718.pdf
9. https://india.embajada.gov.co/colombia/encuentros_alto_nivel
10. https://india.embajada.gov.co/en/colombia/guidelines
11. https://www.mea.gov.in/Portal/ForeignRelation/Haiti_Bilateral_Aug_2019.pdf
12. https://www.thehindu.com/features/magazine/A-helping-hand-for-Haiti/article12053847.ecehttps://www.thehindu.com/features/magazine/A-helping-hand-for-Haiti/article12053847.ece
13. https://www.sela.org/media/3200113/t023600006069-0-dt_2-14__relacion_alc-india_rev-ingles.pdf
14. https://www.mea.gov.in/Uploads/PublicationDocs/25009_External_Affairs_2014-2015__English_.pdf
15. https://www.mea.gov.in/Uploads/PublicationDocs/26525_26525_External_Affairs_English_AR_2015-16_Final_compressed.pdf
16. https://www.mea.gov.in/Uploads/PublicationDocs/29521_MEA_ANNUAL_REPORT_2016_17_new.pdf
17. https://dea.gov.in/sites/default/files/Annual%20Report-2016-17-E.pdf
18. http://eoi.gov.in/havana
19. http://www.mae.gouv.ht/
20. http://www.un.org/press/en/country/haiti
21. http://peacekeeping.un.org/en/mission/minustah

***(Dr. Ravi Kumar, Assistant Professor, Mahatma Gandhi International Hindi University, Wardha, Maharashtra-442001),* E-mail: jnu.ravi@gmail.com**